Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 31 अगस्त, 2023

अमेरिका और पलाउ के बीच समुद्री प्रबंधन पर समझौता

- हाल ही में **संयुक्त राज्य अमेरिका** तथा **पश्चिमी प्रशांत महासागर** के देश पलाउ गणराज्य ने **समुद्री प्रबंधन को बढ़ाने** के लिये एक विस्तारित द्विपक्षीय कानून प्रवर्तन समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- यह समझौता अमेरिकी तटरक्षक को पलाउ अधिकारी की उपस्थिति के बिना भी पलाउ की ओर से उसके विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (**EEZ**) में समुद्र में नियमों को लागू करने का अधिकार देता है।
- इस समझौते से समुद्री कार्यक्षेत्र पर जागरूकता बढ़ाने एवं पलाउ के EEZ के भीतर अवैध, असूचित और अनियमित (IUU) मछली पकड़ने को रोकने में मदद मिलेगी।

//


और पढ़ें: अवैध, गैर-सूचित और अविनियमित (IUU) मत्स्यन में वृद्धि,b

महेन्द्रगिरि

- आखिरी प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट महेंद्रगिरि को 1 सितंबर, 2023 को लॉन्च किया जाएगा।

- इस जहाज़ का नाम **ओडिशा राज्य में स्थिति पूर्वी घाट की एक पर्वत चोटी** के नाम पर रखा गया है।
    - प्रोजेक्ट 17A फ्रिगेट्स **प्रोजेक्ट 17 क्लास फ्रिगेट्स** ([शिवालिक क्लास]) के फॉलो-ऑन हैं, जिनमें बेहतर **स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर तथा प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं।**
- महेंद्रगिरि तकनीकी रूप से एक उन्नत युद्धपोत है और यह अपनी **समृद्ध नौसैनिक विरासत को अपनाने के भारत के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।**
- प्रोजेक्ट 17A जहाज़ों को **भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिज़ाइन ब्यूरो** द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

और पढ़ें... [प्रोजेक्ट 17A और INS तारागिरि]

अर्नेस्ट रदरफोर्ड का योगदान

अर्नेस्ट रदरफोर्ड ने **वर्ष 1908 में रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार** जीता। उन्होंने परिकल्पना की कि **हीलियम गैस** रेडियोधर्मी पदार्थों से बनाई जा सकती है।

- उन्होंने पाया कि **यूरेनियम से कम-से-कम दो प्रकार के विकिरण- अल्फा (α) और बीटा (β)** कण उत्सर्जित होते हैं।
- **उनका सबसे प्रसिद्ध परीक्षण सोने की बहुत पतली झिल्ली (Gold foil) का प्रयोग है।**
    - ***अल्फा कणों की एक किरण का लक्ष्य सोने की बहुत पतली झिल्ली का एक टुकड़ा*** था। अधिकांश अल्फा कण झिल्ली से होकर गुज़र गए लेकिन कुछ पीछे की ओर बिखर गए।
    - इससे पता चला कि **अधिकांश परमाणु एक छोटे नाभिक** (धनात्मक रूप से आवेशित और ऋणात्मक आवेशित इलेक्ट्रॉनों द्वारा काफी दूरी पर घिरा हुआ) के आसपास का खाली स्थान है।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-31-august-2023